

# 80 शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान

## मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शासन-प्रशासन आपके द्वार, ढाना में शिविर में 236 आवेदन प्राप्त हुए, बस पूलिंग से पहुंचा अमला

नवभारत न्यूज

**सागर 7 अगस्त. मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान ग्राम ढाना में जिला स्तरीय शिविर के साथ शुरु हुआ.**

प्रशासन आपके द्वार की अवधारणा पर आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों एवं आमजनों से कुल 236 आवेदन प्राप्त हुए. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशों के बाद मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए 80 शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कर आवेदकों को तत्काल राहत प्रदान की. शेष 156 आवेदनों को समय-सीमा में दर्ज कर संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया.कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि सुदूर ग्रामीण अंचलों के जो नागरिक जिला मुख्यालय तक पहुंचने में असमर्थ होते हैं, उनके द्वार तक आज पूरा प्रशासन खुद पहुंचा है. अंत्योदय की मूल भावना के तहत हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचाना ही इस अभियान का मुख्य ध्येय है. जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए यह अभियान प्रारंभ हुआ है. कलेक्टर ने कहा मौके पर आने वाले नए आवेदनों और पुरानी लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध समाधान करना है. प्राप्त प्रत्येक आवेदन का पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा, ताकि निराकरण की समीक्षा की जा सके.




पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने कहा कि अपराधों की मुख्य जड़ नशा है. अवैध शराब के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ कानून के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी. मंगल भवन ढाना में शासन के सभी प्रमुख विभागों द्वारा प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाए गए. कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क जांच व उपचार शिविर लगाया गया. साथ ही कृषि एवं सम्बद्ध विभागों से संबंधित विस्तृत जानकारी जैसे किसानों को उन्नत खेती, मृदा स्वास्थ्य और शासकीय अनुदान की विस्तृत जानकारी भी दी गई. उद्यमी संवाद के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र सिद्धगुवां में संचालित मेसर्स उषाकिरण एंटरप्राइजेज के डायरेक्टर श्री सुंदर रजक ने अपनी सफलता की कहानी साझा की. उन्होंने बताया कि उन्होंने पीएमईजीपी योजना के तहत 25 लाख का ऋण लेकर सहजन आधारित हर्बल उत्पादों का स्टार्टअप शुरू किया, जिसे राज्य सरकार की स्टार्टअप नीति के तहत मासिक ईआईआर, पैकेजिंग ट्रेनिंग तथा भारत मंडपम नई दिल्ली में प्रदर्शनी के माध्यम से बड़े व्यावसायिक ऑर्डर प्राप्त हुए हैं. जिला प्रशासन की इस पारदर्शी और संवेदनशील कार्यप्रणाली से ढाना क्षेत्र के निवासियों में जहां एक ओर भारी उत्साह देखा गया वहीं दूसरी ओर मौके पर ही समस्याओं का समाधान मिलने पर ग्रामीणों ने आभार भी व्यक्त किया. इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता राजपूत, जिपं सीईओ विवेक केवी, एसडीएम रोहित वर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे.

# मूंग खरीदी केंद्रों और उर्वरक गोदाम का निरीक्षण


नवभारत न्यूज

**बीना 7 अगस्त. राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने बीना विकासखंड के मूंग खरीदी केंद्रों और बिहारना स्थित उर्वरक गोदाम का औचक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खरीदी और उर्वरक वितरण में पारदर्शिता रखने के निर्देश दिए। मूंग खरीदी केंद्रों का निरीक्षण टीम ने पुरेना मूंग खरीदी समिति और कंजिया मूंग खरीदी समिति के कार्यों का गहन परीक्षण किया।समिति प्रबंधकों और ऑपरेटरों को स्पष्ट हिदायत दी गई कि समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कंजिया केंद्र अब तक लगभग 8,000 क्विंटल मूंग खरीदी। करीब 800 किसानों ने उपज बेची। पुरेना समिति अब तक 2,800 क्विंटल मूंग खरीदी। किसानों को जानकारी दी गई कि स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 10 अगस्त और समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की अंतिम तिथि 20 अगस्त है। संयुक्त टीम ने बिहारना स्थित एमएफ उर्वरक गोदाम का भी निरीक्षण किया। गोदाम में यूरिया, सिंगल सुपर फॉस्फेट और एनपीके पोटास उर्वरक उपलब्ध पाया गया। गोदाम प्रभारी नीलम राय को निर्देश दिए गए कि किसानों को खाद का वितरण सुचारु और पारदर्शी तरीके से किया जाए। किसी किसान को खाद के लिए भटकना न पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान तहसीलदार अंबर पंथी, नायब तहसीलदार हेमराज मेहर, एसएडीओ अवधेश राय, गोदाम प्रभारी नीलम राय, और पुरेना-कंजिया के समिति प्रबंधक व ऑपरेटर उपस्थित रहे।



## एक नजर में



### भाजपा धनौरा मंडल की मासिक बैठक

**खुरई.** विधायक कार्यालय में पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश एवं पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पार्टी के द्वारा पिछले दिनों किये गए कार्यों की समीक्षा एवं धनौरा मण्डल में 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा एवं 19 अगस्त को संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की कलश यात्रा की तैयारी के संबंध में विस्तार से विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम में धनौरा मण्डल के अध्यक्ष राजपाल सिंह राजपूत ने विस्तार से अपनी बात रखी एवं जनपद अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार, अनिल सेंगर, अर्जुन अहिरवार गोलनी एवं अंत में जिले के मंत्री एवं मण्डल प्रभारी हरिशंकर कुशवाहा ने सम्बोधित किया। संचालन मण्डल उपाध्यक्ष राजाभाई धांगर ने किया और कार्यक्रम का आभार मण्डल महामंत्री प्रवान अहिरवार ने किया।



### नागरिकों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित

**शाहगढ़.** शासकीय महाविद्यालय में स्नातक में साइंस विषय एवं स्नातकोत्तर कक्षाएं शुरू होने पर कॉलेज प्रबंधन और क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी शामिल हुए। इस अवसर पर ग्रामीण जिला महामंत्री राजेन्द्र तिवारी, मण्डल अध्यक्ष योगेश दुबे, काशीराम यादव, महामंत्री रिंकू विश्वकर्मा, धनीराम तिवारी, मुन्ना यादव, अजयपाल बुन्देला, मोनू जैन, जगत यादव, संतोष खटीक, अनिल अहिरवार, नितिन खटीक, शैलेश जैन, तुलसी कबीरपंथी उपस्थित रहे।




### शपथ ग्रहण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**रहली.** विद्यापथ स्थली विद्यालय में आयोजित विद्यार्थियों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संजय ऋषिश्वर ने शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम में संबोधन देते हुए कहा कि छात्र जीवन शिक्षा संकल्प और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने पर सफलता की पूर्ण गारंटी देता है, मुझे आज सहभागिता कर विद्यार्थियों के बीच समय बिताने का अवसर मिला .कार्यक्रम में बाद विद्यालय परिसर में थाना प्रभारी ने स्कूल स्टॉप और बच्चो के साथ वृक्षारोपण किया।



### सिविल लाइन पेट्रोल पंप पर यामिनी का स्वागत

**सागर.** सागर की यामिनी मौर्य द्वारा कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक अर्जित कर नगर आगमन पर शहरवासियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया. सिविल लाइन स्थित पेट्रोल पंप पर बीपीसीएल के डीलर सौरभ रांधेलिया ने मोटे अनाज से बने प्रोडेक्ट्स और स्पीड पेट्रोल का गिफ्त बाऊचर भेंट कर सम्मानित किया. इस अवसर पर सीआरएस बाइक राइडर्स और स्वेदशी जागरण मंच के सदस्यों ने यामिनी का स्वागत किया. इस दौरान प्रणव टाडला, आदर्श ज्योतिषी, प्रशांत गंगवाल, नीरज जैन, सुस्मिता ठाकुर, अभय तिवारी, राजेश वर्मा, उदय कुशवाहा, ब्रजेंद्र ठाकुर, अभिषेक सोनी आदि उपस्थित रहे.

## एप से मिलेगी राहत

**सागर.** भारतीय रेल त्योहारों, छुट्टियों एवं अन्य विशेष अवसरों पर यात्रियों की अतिरिक्त जरूरतों को पूरा करने के लिए नियमित ट्रेनों के अलावा स्पेशल गाड़ी सेवाएं भी संचालित करती है। होली, दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ, क्रिसमस, ईद उल फितर, सबरीमाला तथा गर्मी एवं सर्दी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पूरे भारतीय रेल नेटवर्क पर विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं। यात्री सुविधाओं में व्यापक सुधार के क्रम में रेलवे ने रेलवन ऐप लॉन्च किया है। यह ऐप एंड्रॉयड प्ले स्टोर एवं एप्पल एप स्टोर पर उपलब्ध है। यात्री मोबाइल फोन पर आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट आसानी से बुक कर सकते हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान को जनांदोलन बनाएं

नवभारत न्यूज

**सागर 7 अगस्त. तिरंगा यात्रा केवल संगठनात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह बात उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने संभागीय भाजपा कार्यालय में आयोजित मासिक बैठक को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कही। बैठक को प्रदेश मंत्री एवं सागर जिला प्रभारी लोकेंद्र पाराशर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुधा जैन, जिला महामंत्री चैन सिंह ठाकुर, चेतराम अहिरवार, सुमित यादव मंचसीन रहें। श्री पराशर ने कहा कि इस बार भी हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाएं।संचालन जिला मंत्री अर्जुन पटेल व आभार जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने किया। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने जानकारी दी।




# अवैध कब्जाधारियों की रिपोर्ट होगी

नवभारत न्यूज

**सागर 7 अगस्त. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने बाघराज आवासीय कॉलोनी में पहुंचकर रहवासियों से बातचीत की.**

रहवासियों को समझाईस देते हुए अनाउंसमेन्ट के माध्यम से कहा की जो भी पात्र हितग्राही वैधानिक रूप से यहां रह रहे हैं और उनके पास विद्युत कनेक्शन नहीं हैं वे नये बिजली कनेक्शन विद्युत विभाग से लेने की प्रक्रिया पूर्ण करें। आपकी आवास संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए नगर निगम प्रशासन आपके साथ है। लेकिन नगर निगम अब यहां बिजली सप्लाई की सुविधा नहीं देगा, बिजली की समस्या आपको विद्युत विभाग में सम्पर्क कर हल करना होगी। उन्होंने कहा की यहां रहने वाले लोगों की दूसरी केटेगरी वो है जो या तो किसी के मकान में किराये से रह रहे हैं या फिर अवैध रूप से ताला डालकर कब्जा किये हुए हैं। ऐसे सभी लोग जो रियायती दर पर हितग्राहियों को दिये गये आवासों में किरायेदार की तरह रह रहे हैं या अवैध रूप से ताला डालकर कब्जा किये हुए हैं वे 2 दिन में यहां से बाहर हो जाएँ। अन्यथा की स्थिति में उक्त कब्जाधारियों पर एफआईआर कराने सहित वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# स्कूल में हुआ सम्मान समारोह



नवभारत न्यूज

**सागर 7 अगस्त. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी सदर की छात्रा यामिनी मौर्य द्वारा कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक अर्जित किया है।**

विद्यालय द्वारा उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने यामिनी मौर्य का स्मृति चिन्ह भेंट किया. प्राचार्य रविंद्र जैन ने कहा कि यामिनी की यह उपलब्धि गर्व का विषय है। कुश समाज बोर्ड के अध्यक्ष एवं संरक्षक प्रभुदयाल पटेल ने शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रधानअध्यापक आलोक गुप्ता ने कहा कि विद्यालय परिवार को उपलब्धि पर गर्व है।

## प्रथम काउंसिलिंग 10 से

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रथम काउन्सिलिंग 10 अगस्त से 12 अगस्त को संपन्न होगी। प्रवेश प्रकोष्ठ के मुख्य समन्वयक प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों की कुल विज्ञापित 2489 सीटों के लिए कुल 10000 से अधिक आवेदकों ने समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रथम काउन्सिलिंग की समय-सारणी आदि का अवलोकन कर लें। जो आवेदक व्यक्तिगत रुप से उपस्थित नहीं हो सकते हैं वे अपने शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ अपना प्रतिनिधि भेज सकते हैं।

# कुलपति ने सौंपे अग्निवीरों को प्रमाण पत्र

नवभारत न्यूज

**सागर 7 अगस्त. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय ने महार रेजीमेंट सेंटर के अग्निवीरों को रोजगारोन्मुख पाठयक्रम के प्रमाण पत्र सौपे गये।**

विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज के माध्यम से पंजीयन दिसंबर माह में प्रारंभ किये गये थे। अध्यक्षता कुलपति प्रो.यशवंत सिंह ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि सुबेदार मेजर संजय साहो एवं नायब सुबेदार अनिल कुमार महार रेजीमेंट सेंटर रहे। प्रशासनिक भवन कुलपति सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया। नोडल अधिकारी प्रो. सुशील कुमार काशव ने कुलपति प्रो. ठाकुर का स्वागत किया। कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस.पी. उपाध्याय का स्वागत किया गया ।नोडल अधिकारी प्रो. काशव ने बताया कि कम्युनिटी कॉलेज के माध्यम से संचालित तीन सार्टिफिकेट कोर्स में अग्निवीरों को प्रवेश दिया गया था। दिसंबर माह से कुल पंजीयन 272 किये गये थे।

कुलपति प्रो. ठाकुर ने कहा कि अग्निवीर सेना की गाईडलाईन के अनुसार कुछ समय के लिये अपनी सेवा सेना में देगें।



# पुलिस ने दबोचा अंतर्राज्यीय डंपर चोर गिरोह

नवभारत न्यूज


**सागर 7 अगस्त. बीना रिफाइनरी के पास से चोरी हुए टाटा 10 व्हीलर टिपर (डंपर) का करीब 900 किलोमीटर तक पीछा कर आगासौद थाना और मंडी बामौरा चौकी पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दिया।**

पुलिस ने करीब 12 लाख रुपए कीमत का चोरी गया डंपर बरामद करते हुए राजस्थान के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खास बात यह रही कि आरोपी पुलिस की नजरों से बचने के लिए दूसरे डंपर का फास्टैग लगाकर राजस्थान के कई टोल प्लाजा पार करते रहे। झांसी निवासी नवल सिंह यादव ने थाना आगासौद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका टाटा 10 व्हीलर टिपर क्रमांक पी 93 इटी 0065 बीना रिफाइनरी गेट के पास खड़ा था, जिसे अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। पुलिस ने नेशनल हाईवे के विभिन्न टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें चोरी गया डंपर गुना की ओर जाता दिखाई दिया। पुलिस ने गुना से बारां, कोटा, ब्यावर, पाली और जोधपुर के निकट निम्बाली टोल प्लाजा तक वाहन की मूवमेंट ट्रेस की। फास्टैग के आधार पर पुलिस बाड़मेर जिले के बायतू निवासी उसके मालिक तक पहुंची। पूछताछ में पहले उसने जानकारी होने से इंकार किया, लेकिन बाद में बताया कि फास्टैग उसके पूर्व चालक भंवराराम ढाका के पास था। पुलिस टीम ने राजस्थान के बालोतरा, बाड़मेर और जोधपुर में दबिश दी और सिणधरी से भंवराराम ढाका को हिरासत में लिया। भंवराराम ने बताया कि उसने बड़े भाई विकास ढाका और साथी सरूपाराम मायला के साथ मिलकर बीना रिफाइनरी क्षेत्र से डंपर चोरी किया था। सरूपाराम पहले रिफाइनरी क्षेत्र में डंपर चालक रह चुका था, इसलिए उसने पूरी योजना बनाई। चोरी के बाद डंपर को राजस्थान ले गए।



## 90 मिनिट पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हो

**सागर.** राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2025 प्रदेश के 12 संभाग / जिला मुख्यालयों के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान फिस्किंग एवं बायोमेट्रिक पहचान की नवीन प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस हेतु समस्त परीक्षार्थियों को अनिवार्य रूप से परीक्षा के 90 मिनिट पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होना हैं। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान त्रिस्तरीय नवीन जाँच प्रक्रिया प्रारंभ की गई। ट्रांसजेण्डर अभ्यर्थियों के पास विकल्प होगा कि वह अपनी फिस्किंग महिला अथवा पुरूष कर्मचारी से करवाना चाहते हैं। परीक्षार्थियों की दोनों सत्रो में त्रिस्तरीय जाँच की जाएगी।



# नशा मुक्ति की ली गई प्रतिज्ञा

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 7 अगस्त. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि वरदानी भवन द्वारा 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान अंतर्गत व्यापक जनजागरण अभियान चलाया।**

यह अभियान आदरणीय राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी के सान्निध्य एवं बीके मायारानी दीदी के मार्गदर्शन में ब्रह्माकुमारी परिवार द्वारा संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत संत डोमिनिक साविओ इंटर कॉलेज, पहलवान गुरुदीन पब्लिक स्कूल, नर्सिंग विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में तथा शहर के प्रमुख चौराहों, गल्ला मंडी, बस स्टैंड एवं शहर की बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों को नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर लगभग 15000 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया आपको ये जानकर हैरानी होगी कि 5,500 बच्चे प्रतिदिन 10 से 14 वर्ष की उम्र के हैं, वे भी शामिल हो जाते हैं।

# विपरीत परिस्थितियों में धर्म ना छोड़े

नवभारत न्यूज

**सागर 7 अगस्त. भाग्योदय तीर्थ में चातुर्मास के अंतर्गत विराजमान जैन मुनि श्री उद्यम सागर महाराज ने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने वालों के जीवन में भी कर्मों का उदय आता है। इसलिए विपरीत परिस्थितियों में घबराने या धर्म छोड़ने के बजाय आत्मबल और आराधना का सहारा लेना चाहिए।**

उन्होंने एक प्रसंग बताया कि दस श्रद्धालु तीर्थयात्रा से लौट रहे थे। मार्ग में भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें आठ लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि दो यात्रियों को मामूली खरोंच तक नहीं आई। मुनि श्री ने कहा कि बिना कारण कोई घटना नहीं होती। शुभ भाव, भक्ति और पूर्व में अर्जित पुण्य कर्म संकट की घड़ी में रक्षा का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थंकरों को भी कर्मों का उदय सहना पड़ा, किंतु उन्होंने किसी बाहरी सहारे की अपेक्षा अपनी आत्मा और परमात्मा का ही स्मरण किया। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में पापों का प्रभाव कम करना है तो सबसे पहले पाप करना छोड़ना होगा। णमोकार मंत्र, पूजा, अभिषेक और आराधना तभी सार्थक हैं, जब जीवन में आचरण की शुद्धि भी हो।

# हर शुक्रवार को अधिकारी करेंगे निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 7 अगस्त. अब प्रत्येक शुक्रवार को उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारीगण शासकीय महाविद्यालययों का निरीक्षण किया करेंगे।**

उक्त जानकारी शासकीय स्नातकोत्तर कन्या उत्कृष्टता महाविद्यालय के औचक निरीक्षण के अवसर पर क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर आरके गोस्वामी ने दी । उन्होने कहा कि लोक सेवा गारंटी के तहत शासकीय सेवाओं को प्राथमिकता से निपटायें । उक्त अभियान के तहत महाविद्यालय में लोक सेवा गारंटी के तहत आने वाली सेवाओं के अंतर्गत 22 छात्राओं को डा. गोस्वामी ने अंक सूची-स्थानांतरण प्रमाण पत्र वितरित किए । इस अवसर पर छात्रों से प्रवेश, छात्रवृत्ति,समय सारणी, सी एम हेल्प लाइन, एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की एवं निराकरण भी स्थल पर ही किया। आपने कन्या महाविद्यालय के सभी विभागों में स्वयं जाकर निरीक्षण किया । क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा की विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ .भावना यादव ने कहा कि अब अधिकारी जनता के पास जायेंगे। डा यादव नें छात्रावास का निरीक्षण छात्रावास प्रभारी डा. विन्दु श्रीवास्तव की उपस्थिति में हुआ।





**आवश्यकता है**

1. सेल्समेन :- 03
2. अकाउंटेंट :- 02
3. मेकेनिक :- 03
4. इलेक्ट्रिकल मैकेनिक :- 02
5. हेल्पर :- 05

**अरिहंत मोटर्स (आपे शोरूम)**
शांति पैलेस, आईटीआई के सामने खुरई रोड सागर म.प्र. मो. 9232163536


## सागर मौसम

अधिकतम 29.0 (सा.)
न्यूनतम 23.6 (+1)
आर्द्रता : सुबह/शाम : 92/92
कुल बारिश : 267.3 मि.मी.